# DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR
## QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR ANNUAL (2017-18)

## SUBJECT- HINDI (2L)
## CLASS-VIII

**Annual Syllabus –**

1. साहित्य – स्नेह शपथ , अकबरी लोटा , युगावतार गांधी , पंच परमेश्वर , मन के साहसी , नदी का रास्ता , भोलाराम का जीव, शक्ति और क्षमा
2. कहानी संचय – चीफ की दावत, प्रायश्चित का पुरस्कार
3. व्याकरण – अपठित गद्यांश, अपठित पद्यांश, स्वर संधि, व्यंजनसंधि, विसर्ग संधि, उपसर्ग- प्रत्यय, अनुस्वार- अनुनासिक, नुक्ता, र के विभिन्न रूप, विराम चिह्न, वाक्य शुद्धिकरण,
   विलोम (पृष्ठ संख्या - 88), पर्यायवाची ( 26-50), अनेकार्थक शब्द (16-30), मुहावरे(21-40), लोकोक्ति (21-41)
4. रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक पत्र लेखन, चित्र वर्णन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन

### साहित्य
### स्नेह शपथ
### श्री भवानी प्रसाद सिंह

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

   क) स्नेह शपथ कविता में हर समस्या के समाधान को ढूंढ़ने का तरीका बताया गया है , क्या और कैसे ?

   ख) दुस्साहसी व्यक्ति भी प्रेमपूर्ण व्यवहार के आगे क्यों झुक जाते हैं ?

   ग) भ्रष्ट समाज को कैसे बदला जा सकता है ? करुणाकर तथा भिखमंगों की शपथ से कवि का क्या आशय है ?

   घ) स्नेह शपथ कविता में स्नेह की शक्ति को कवि ने किन – किन रूपों में दिखाया है , लिखिए ।

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

   क) दे प्यार उठा पाए न जिसे ,
   इतना गहरा कुछ पतन नहीं ।।

   ख) मत कहो कि वह ऐसा ही था ,
   मत कहो कि इसके सौ, गवाह।।

   ग) देखे से प्यार भरी आँखें
   दुस्साहस पीले होते हैं ?
   हर एक धृष्टता के कपोल
   आँसू से गीले होते हैं ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

   क) किसी व्यक्ति को सुधारने के लिए सज़ा की अपेक्षा प्यार और सहानुभूति की आवश्यकता होती है---- पठित पाठ के आधार पर इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

   ख) स्नेहयुक्त शब्दों की शक्ति कठोर वचनों से अधिक प्रभावी होती है , कैसे? लिखिए ।

## अकबरी लोटा
## श्री अन्नपूर्णानंद वर्मा

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) लाला झाऊलाल और पं0 बिलवासी मिश्र के रिश्ते की बुनियाद क्या थी? बिलवासी जी ने इस रिश्ते को कैसे निभाया?

ख) बिलवासी जी ने अंग्रेज से मामले को पुलिस में रिपोर्ट करने की सलाह क्यों दी ?समझाकर लिखिए।

ग) एक विदेशी होते हुए भी अंग्रेज उस बेढंगे लोटे से इतना प्रभावित क्यों हुआ ? लिखिए।

घ) लाला झाऊलाल का बेढंगा लोटा किस प्रकार दोनों मित्रों की समस्या का समाधान बन गया ?

ङ) ढाई सौ रुपए लाला झाऊलाल के लिए उनकी प्रतिष्ठा का विषय क्योंकर बन गया था ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) मुझे पुरानी और ऐतिहासिक चीज़ों के संग्रह का शौक है।

ख) इस रिश्ते से तो आपका लोटा उस अंडे का बाप हुआ।

ग) इस भेद को मेरे सिवाए मेरा ईश्वर ही जानता है। आप उसी से पूछ लीजिए , मैं नहीं बताऊँगा।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) अकबरी लोटा और जहाँगिरी अंडे का यह विशेष नाम किस प्रकार पड़ा ?

ख) मित्रता और परस्पर विश्वास की जो मिसाल इस कहानी में प्रस्तुत की गई है क्या वह व्यक्तिगत जीवन में अपनाने योग्य है ? क्या बिलवासी जी का चरित्र अनुकरणीय कहा जा सकता है? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

## युगावतार गांधी
## श्री सोहनलाल द्विवेदी

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) वर्तमान समय में गांधी जी के सिद्धांत क्या अपनाने योग्य हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।,

ख) गांधी जी की हँसी एवं उनकी भृकुटि उनके किन गुणों की परिचायक थी ?

ग) गांधी जी को कोटिरूप , कोटिचरण, कोटिनाम, कोटिबाहु कहकर क्यों संबोधित किया गया है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) कुछ कर्म तुम्हारे संचित कर ,<br>युग धर्म जगा, युग धर्म तना

ख) जिसके सिर पर निज धरा हाथ,<br>उसके सिर रक्षक कोटि हाथ।

ग) तुम एकमूर्ति, प्रतिमूर्ति कोटि,<br>हे कोटिमूर्ति तुमको प्रणाम

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) किन विशेषताओं के आधार पर कवि ने गांधी जी को युग परिवर्तक, युग संस्थापक , युग संचालक एवं युगाधार कहा है ?

## पंच परमेश्वर
### श्री प्रेमचंद

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

   क) ग्रामीण समाज में पंचायत की क्या भूमिका होती है ? खाला पंचायत के बारे में क्या विचार रखती थीं?

   ख) खाला द्वारा अलगू को सरपंच चुने जाने पर जुम्मन शेख की क्या प्रतिक्रिया थी और क्यों ?

   ग) पंच की तुलना परमेश्वर से क्यों की गई है ? जुम्मन शेख को इसका एहसास कैसे हुआ ?

   घ) जुम्मन शेख और अलगू चौधरी की गहरी दोस्ती दुश्मनी में कैसे बदली ? इसके लिए वस्तुतः जिम्मेदार कौन था ?

   ङ) समझू साहू कौन थे? अलगू से उनका झगड़ा किस बात को लेकर था ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

   क) ऐसा कौन था जो उसको अपना शत्रु बनाने का साहस कर सके।

   ख) वे मिलते- जुलते थे लेकिन उसी तरह जैसे तलवार से ढाल मिलती है।

   ग) मेरा सत्य से जौ भर भी टलना उचित नहीं।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

   क) दोस्ती की बुनियाद किस बात पर निर्भर करती है ? क्या दोस्ती के बीच गलतफहमियों को पनपने से रोका जा सकता है ---- तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

   ख) पंच परमेश्वर कहानी की रचना के पीछे रचनाकार का क्या उद्देश्य हो सकता है ? वर्तमान परिस्थिति में पंच परमेश्वर जैसी कहानियों का क्या महत्व है ?

   ग) पुराने समय में पंचायत जो काम करती थी वही काम आज के न्यायालय करते हैं पर तब फैसले एक दिन में सुना दिए जाते , थे जबकि आज वर्षों लग जाते हैं। ऐसा क्यों, ?

## मन के साहसी
### श्री मधु पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

   क) जॉन्सन कौन था ? अपने जीवन की प्रतिकूलताओं को उसने अपनी अनुकूलताओं में कैसे बदला – लिखिए ।?

   ख) जॉन्सन की प्रतिभा को पहचानने और निखारने में किन- किन लोगों का हाथ है ?

   ग) जॉन्सन के जीवन का सर्वोत्तम दिन कौन सा था और किस प्रकार वह सर्वोत्तम बना लिखिए। ,

   घ) ब्रजकुमारजी कौन थे ? जॉन्सन के जीवन की उपलब्धियों में उनका क्या योगदान रहा ?

   ङ) जॉन्सन की दिली इच्छा क्या है ? उसे पूरा करने के लिए वह क्या करता है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

   क) जॉन्सन की अँधेरी दुनिया और भी अँधेरी हो गई।

   ख) दृष्टिहीन होते हुए भी उसकी दृष्टि सुस्पष्ट है।

ग) जॉन्सन के लिए संगीत ईश्वर की आराधना के समान है।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) जीवन में साहस और लक्ष्य के प्रति एकनिष्ठ समर्पण ही मनुष्य को सफलता के मुकाम तक पहुँचाते हैं --- मन के साहसी पाठ के आधार पर कथन की सत्यता प्रमाणित करें।

ख) जहाँ चाह वहाँ राह कहावत को जीवन में अपनाकर कोई , भी व्यक्ति अपनी मंज़िल को पा सकता है ---तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

## नदी का रास्ता
## श्री बालकृष्ण राव

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) नदी और भूमि में किस बात को लेकर विवाद है ? नदी अपने पक्ष की सत्यता कैसे प्रमाणित करती है ?

ख) नदी और भूमि किनके प्रतीक हैं ? इन्हें मनुष्य के जीवन से जोड़कर कैसे देखा जा सकता है ?

ग) नदी अपनी निर्भीकता कैसे प्रमाणित करती है ?

घ) नदी का रास्ता कविता में कवि श्री बालकृष्ण राव ने नदी के माध्यम से क्या प्रश्न उठाया है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) मुझे कभी कोई आया नहीं था राह दिखलाने
बनाया मार्ग मैंने आप ही अपना।

ख) ले गई भोली नदी को भूमि सागर तक।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) नदी और मनुष्य किन अर्थों में समान हो सकते हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए।

ख) व्यक्ति के जीवन संघर्ष में सफल होने में किसकी प्रबलता अधिक है इच्छाशक्ति की या परिस्थितियों की ? पठित कविता के आधार पर लिखिए।

ग) किधर है सत्य --- पंक्ति में सत्य कहने से कवि का क्या अभिप्राय है। पठित कविता के आधार पर पंक्ति का विश्लेषण कीजिए।

## भोलाराम का जीव
## श्री हरिशंकर परसाईं

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) भोलाराम का जीव पाठ की प्रमुख समस्या क्या है? इसे पाठकों तक पहुँचाने के लिए रचनाकार ने किसका सहारा लिया है ?

ख) नारदजी का बड़े साहब को अपनी वीणा देना हमारे समाज की किस आपराधिक मनोवृत्ति को दर्शाता है?

ग) नारदजी भोलाराम के जीव की तलाश में क्यों घूम रहे थे ?

घ) नरक में निवास स्थान की क्या समस्या थी? वह समस्या कैसे दूर हुई ?

ङ) अंततः भोलाराम का जीव कहाँ पाया जाता है ? वह वहाँ छिपकर क्यों बैठा था ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) मेरे इन अभ्यस्त हाथों से अच्छे- अच्छे वकील भी नहीं छूट सके। पर इस बार तो कोई इंद्रजाल ही हो गया ।

ख)आप साधु हैं , आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती। दरख्वास्तें पेपरवेट से नहीं दबतीं ।

ग) भई, यह भी एक मंदिर है । यहाँ भी दान- पुण्य करना पड़ता है ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) साहित्य समाज का दर्पण है --- कथन के आधार पर भोलाराम का जीव कहानी की समीक्षा करें ।

ख) भ्रष्टाचार ने आज की युवा पीढ़ी को एकमत कर दिया है कैसे ?

ग) साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है ।इस कथन के आलोक में एक व्यंग्य कथाकार के कर्तव्य की सार्थकता प्रमाणित कीजिए।

## शक्ति और क्षमा
## श्री रामधारी सिंह दिनकर

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) शक्ति और क्षमा कविता किस पुस्तक से ली गई है ? कविता किन दो चरित्रों के संवाद से रची गई है ? कविता का परिदृश्य क्या है या मूल विषय क्या है ?

ख) शक्ति और क्षमा कविता में किसकी महानता वर्णित है , शक्ति की या क्षमा की – समझाकर लिखिए ।

ग) कौरव पांडवों को कायर क्यों समझते थे ? इसका क्या परिणाम निकला ?

घ) कविता में शक्ति के महत्व को किसके उदाहरण द्वारा दिखाया गया है ? लिखिए ।

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) अत्याचार सहन करने का कुफल यही होता है ,
पौरुष का आतंक मनुज कोमल होकर खोता है ।

ख) क्षमा शोभती उस भुजंग को , जिसके पास गरल हो,
उसको क्या, जो दंतहीन, विषरहित , विनीत सरल हो ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) शक्ति और क्षमा एक दूसरे के पूरक हैं तथा एक दूसरे के बिना अधूरे हैं – प्रमाणित कीजिए । ।

ख) संसार में क्षमा और दया जैसे गुणों की क्या आवश्यकता है जबकि अपने और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए शक्ति का महत्व सर्वाधिक है । विश्लेषण कीजिए ।

व्याकरण ----

रचनात्मक लेखन---

1. अनुच्छेद लेखन ( शब्द सीमा -- 100) – 1. सच्चरित्रता का महत्व , 2. भारतीय संस्कृति – अनेकता में एकता 3. संघर्ष ही जीवन की कसौटी है , 4. शिक्षा का बदलता स्वरूप, 5. छात्रों में बढ़ती अनुशासनहीनता 6.जब आवे संतोष धन सब धन धूरि समान 7. यदि मैं प्रधानाचार्य होता 8.सत्संगति का महत्व 9.हम होंगे कामयाब एक दिन 10.भारत में खेलों का भविष्य

2. अनौपचारिक पत्र लेखन ( शब्द सीमा -- 70)–

क) वास्तविक अथवा काल्पनिक वायुयान- यात्रा के आनंद का वर्णन करते हुए अपने मित्र या सखी को पत्र लिखिए ।

ख) किसी पुस्तक मेले का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।
ग) आपके मित्र का बनाया हुआ मॉडल अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान मेले के लिए चुना गया है , उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।
घ) पिताजी को एक पत्र लिखिए जिसमें बारहवीं पास के बाद अपनी भावी योजना का उल्लेख किया गया हो । ।
ङ) विदेश स्थित अपने मित्र को भारत के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए ।

3. संवाद लेखन ( शब्द सीमा -- 50)—
क) छोटे बच्चों में मोबाइल के बढ़ते प्रयोग से होनेवाली हानियों के बारे में दो माँओं की बातचीत ।
ख) पढ़ाई में बच्चों की लापरवाही से परेशान दो शिक्षकों की बातचीत ।
ग) अपने जीवन लक्ष्य को लेकर दो छात्राओं में बातचीत ।
घ) जीवन में परिश्रम का महत्व पर एक शिक्षक और छात्र के बीच बातचीत। ।
ङ) शिक्षा व्यवस्था में आए नए बदलाव के अनुभव को लेकर दो छात्रों में बातचीत ।

4. विज्ञापन लेखन (शब्द सीमा - 25)
क) रक्तदान से संबंधित एक विज्ञापन ।
ख) पॉलिथिन रहित शहर बनाने संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन ।
ग) बाज़ार में आई एक नई कंपनी के ए. सी. का विज्ञापन ।
घ) शहर में लगने वाले एक पुस्तक मेले के लिए एक विज्ञापन ।
ङ) आधुनिकतम तकनीक से सुसज्जित एक मोबाइल फोन का विज्ञापन।

5.चित्र वर्णन (शब्द सीमा – 25-30)




